दिनांकः 26.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने कहा–राज्य के सभी विश्वविद्यालय अपनी नैक एक्रेडिंग के लिए तेज़ी से प्रयास करें।
- देशभर में आज जन्माष्टमी पर्व का उल्लास–विभिन्न कृष्ण मंदिरों में हो रहे हैं विशेष आयोजन।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने शिक्षण संस्थानों को लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण करने के दिये निर्देश।
- प्रदेश में मॉनसूनी बारिश का दौर जारी–जयपुर, अजमेर और उदयपुर संभाग में आज कई स्थानों पर बरसात की संभावना।

....................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने कहा है कि राज्य के सभी विश्वविद्यालय अपनी नैक एक्रेडिंग के लिए तेजी से प्रयास करें। उन्होंने गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रयास करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सबको मिलकर राजस्थान को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाना है। राज्यपाल ने कल जोधपुर स्थित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। राज्यपाल ने शिक्षा को और बेहतर बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिए।

....................

देशभर में आज जन्माष्टमी का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। भगवान श्री कृष्ण के जन्म के उपलक्ष में यह पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु कृष्ण मंदिरों में दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा और वृंदावन में धूम–धाम से जन्माष्टमी पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर वृंदावन स्थित, श्री बांकेबिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर, इस्कॉन मंदिर और मथुरा के श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर सहित कई अन्य मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी देशवासियों को जनमाष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि प्रसन्नता और उल्लास का यह पर्व सभी को भगवान श्रीकृष्ण के पवित्र आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा है कि जन्माष्टमी गहरे आध्यात्मिक महत्व का दिन है। इस अवसर पर श्री धनखड़ ने नागरिकों से सत्यनिष्ठा के पथ पर चलने और सभी के कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में जन्माष्टमी की देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने जन्माष्टमी पर अपने शुभकामना संदेश में प्रदेशवासियों से भगवान श्री कृष्ण के जीवन और निष्काम कर्म के आदर्श दर्शन को आत्मसात कर कर्तव्य पथ पर चलने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी शुभकामनाएं देते हुए प्रदेशवासियों से भगवान श्रीकृष्ण के महान आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेशभर में भी सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। आज दिनभर कृष्ण मंदिरों में विशेष आयोजन हो रहे हैं और देर रात कृष्ण जन्म पर भगवान का अभिषेक किया जाएगा।

जयपुर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर और गोपीनाथ मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष आयोजन हो रहे है। जन्माष्टमी के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के माकूल इंतजाम किये हैं।

भरतपुर के बांकेबिहारी मंदिर और मदनमोहन मंदिर सहित सभी छोटे बड़े मंदिरों में भजन कीर्तन के आयोजन हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि बांकेबिहारी मंदिर में फूल बंगला झांकी सजाई गई है।

.....................

पाली में दही हांडी कार्यक्रम रखा गया है। वहीं कई झांकियों के साथ शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। कोटा के वल्लभ सम्प्रदाय के प्रथम पीठ मथुराधीश मंदिर में आज परम्परा के अनुसार पंचामृत, तिलक और राजभोग के दर्शन होंगे। इस अवसर पर ठाकुरजी का विशेष श्रंगार किया गया है। करौली के मुख्य मंदिर मदनमोहन मंदिर में विशेष आयोजन किये जा रहे हैं।

.....................

बाड़मेर, कोटपूतली–बहरोड, जालौर, अजमेर, सीकर, हनुमानगढ और भीलवाडा सहित अन्य स्थानों पर भी जन्माष्टमी पर विशेष कार्यक्रम रखे गए हैं।

.....................

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने शिक्षण संस्थानों को छात्रवृति योजना की समीक्षा करने के बाद लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण करने के निर्देश जारी किये हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक कृष्णकांत सांखला ने बताया है कि सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों को उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विशेष पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों को शिक्षण संस्थान को भिजवाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थान अपने स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों की जांच कर दो दिन में जिला अधिकारी जयपुर ग्रामीण को भेजें, ताकि आवेदन पत्रों की जांच कर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा सके।

.....................

दी इंस्टिट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया ने सीएस प्रोफेशनल का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। सीएस फाइनल परीक्षा में जोधपुर की ईशिका ने देशभर में टॉप किया है। आईसीएसआई जोधपुर चैप्टर की अध्यक्ष सीएस पूनम वर्मा ने बताया कि प्रोफेशनल प्रोग्राम के मॉड्यूल फर्स्ट में 31 दशमलव एक तीन प्रतिशत अभ्यर्थी, मॉड्यूल सेकंड में 30 दशमलव एक छह और मॉड्यूल थर्ड में 32 दशमलव एक आठ प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

.....................

प्रदेश में कई स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम और कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। राजधानी जयपुर में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं और कई जगह बूंदाबांदी हुई। अजमेर में कल से बारिश का दौर बना हुआ है। इससे निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। करौली में हो रही बरसात के कारण बांधों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। इसके चलते आज पांचना बांध के दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। सवाईमाधोपुर में भी कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश के कारण नदी नाले उफान पर हैं। बांधों में पानी की आवक लगातार बनी हुई है।

.....................

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के पूर्वी और दक्षिणी भागों में मूसलाधार बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार आज जयपुर, दौसा, अलवर, नागौर, अजमेर, जालौर, सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर और बांसवाडा जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

.....................